**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**

**दिनांक 12.11.2023**

**पुलिस मुठभेड़ में 04 लुटेरे गिरफ्तार, थाना वजीरगंज क्षेत्र के अन्तर्गत फाइनेंस कंपनी के एजेंटों के साथ हुई लूट का सफल अनावरण, कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद तमंचा मय कारतूस, 01 अदद चाकू व लूट का रू0 1,16,200/- बरामद-**

दिनांक 06.11.2023 को थाना वजीरगंज क्षेत्र के अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई की एक फाइनेंस कंपनी के एजेंटों के साथ लूट की घटना हुई है, उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना के सफल अनावरण/बरामदगी व घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना वजीरगंज पर कई टीमें लगाई गयी थी।

जिसके क्रम में आज दिनांक 12.11.2023 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा पतारसी- सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 00.30 बजे रात्रि में कुडनिया गणेशपुर मार्ग टिकरी जंगल के पास सड़क के किनारे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई, जिस पर बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी के द्वारा फायरिंग/मुठभेड़ में 02 बदमाशों 01. सुजल यादव उर्फ रूद्रा व 02. रामअवध यादव को पैर में गोली लगी है जिनका पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी वजीरंगज में इलाज चल रहा है। तथा 02 अभियुक्त 01. राजू शर्मा व 02. राजू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के पास से कुल रूपये 1,16,200/- लूट का, लूट की घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल तथा 2 अदद तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01- सुजल यादव पुत्र संजय यादव निवासी ग्राम अहिरनपुरवा मौजा चौखट थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

02. रामअवध यादव पुत्र राघवराम निवासी ग्राम चौखट थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

03. कुलदीप गुप्ता पुत्र सियाराम गुप्ता निवासी ग्राम बढ़ईपुरवा मौजा चौखट थाना वाजीरंगज जनपद गोण्डा।

04. राजू शर्मा पुत्र धनीराम शर्मा निवासी बढ़ईपुरवा मौजा चौखट थाना वाजीरंगज जनपद गोण्डा।

**अनावरित अभियोग-**

01. मु0अ0स0 482/23 धारा 392, 411, 120बी, 307, 34 भादवि थाना वजीरंगज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0स0 492/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्मस एक्ट थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 1,16,200/- रूपये लूट की धनराशि,

02. घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल।

03. 2 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर,

04. 02 अदद खोखा कारतूस 9 एमएम।

04. 1 अदद अवैध चाकू

05. 01 अदद टैबलेट क्षतिग्रस्त

**<u>गिरफ्तारकर्ता टीम-</u>**

01. थानाध्यक्ष अभय सिंह मय टीम थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**सराहनीय कार्य**
**प्रेस नोट**
**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**
**दिनांक 12.11.2023**

**जानलेवा हमला करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद तमंचा मय कारतूस बरामद-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षो को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खोड़ारे पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जानलेवा हमला करने का आरोपी अभियुक्त अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है उक्त अभियुक्त ने वादी के भाई जो शराब की दुकान पर मुनीब का काम करके वापस घर आ रहे थे को अभियुक्त ने अपने सहयोगियों के साथ जान मारने की नियत तमंचा फायर करके वादी के भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**
01. अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय शिवबहादुर निवासी ग्राम असनहरा घारीघाट थाना खोड़ारे जनपद गोंडा।

**पंजीकृत अभियोग-**
01. मु0अ0सं0-184/23, धारा 307, 504, 506 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**
01. 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**
उ0नि0 प्रदीप कुमार गंगवार मय टीम जनपद गोण्डा।

**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**

**दिनांक 12.11.2023**

**नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से घटित अपराधों में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 मनकापुर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना को0मनकापुर क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की मां द्वारा थाना को0मनकापुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. विकास सिंह पुत्र भोदू सिंह निवासी ग्राम चैनपुरा मौजा दुसवा खास थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-592/23 धारा 363, 376 भादवि 3/4 पाक्सो ऐक्ट थाना को0मनकापुर, जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता-**

01. उ0नि0 शिव कुमार यादव मय टीम थाना मनकापुर, गोण्डा।

**खुशियों के पल बच्चों के संग**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने दीपावली के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में कर्मचारियों व पुलिस परिवारों के बच्चों को मिठाई व उपहार देकर बांटी खुशियां-**

जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भी पुलिस कर्मियों ने संसाधन विहीन परिवारों, बच्चों एवं वृद्धजनों को मिट्टी के दिए, मोमबत्ती, फल, मिठाई व दीपावली उपहार भेंट कर बांटी खुशियां, उपहार पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे

आज दिनांक 12.11.2023 को दीपावली के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा में पुलिस कर्मियों व पुलिस कर्मियों के परिजनों व बच्चों को उपहार, मिठाई आदि देकर खुशियां बाटी, उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इसी तरह जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में भी पुलिस कर्मियों द्वारा गांव में जाकर संसाधन विहीन परिवारों, बच्चों व बुजुर्गों को मिट्टी के दिए, मोमबत्ती, मिठाई, फल व अन्य उपहार भेंट कर खुशियां बांटी गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और बोले थैंक्यू पुलिस अंकल।

गोण्डा पुलिस आप सब की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सदैव तत्पर है।